**मुख्य समाचार :–**

- इसरो ने कहा– भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण में नौ प्रमुख विश्व रिकॉर्ड हासिल किए। आगामी वर्षों में 8 से 10 और रिकॉर्ड बनाने की राह पर।
- पड़ोसी देश नेपाल में मौजूदा हालात के मद्देनज़र उत्तराखंड से सटी नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा का दूसरा चरण शुरु। 15 सितंबर से हेली सेवाओं के संचालन की भी उम्मीद।
- भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया।

**इसरो**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि भारत ने अंतरिक्ष में खोज के क्षेत्र में 9 बड़े विश्व रिकॉर्ड कायम किये हैं और आगामी वर्षों में 8 से 10 और कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में श्री नारायणन ने चंद्रयान मिशन से लेकर मंगल ऑर्बिटर मिशन और क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी सहित भारत की विभिन्न उपलब्धियों पर बात की। उन्होंने बताया कि इसरो की योजना अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में आने वाले समय में 8 से 10 और विश्व रिकॉर्ड कायम करने की है।

**नेपाल सीमा चौकसी**

पड़ोसी देश नेपाल में मौजूदा हालात के मद्देनज़र उत्तराखंड से सटी नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई है। सीमा क्षेत्रों में एसएसबी और पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से सघन चेकिंग, गश्त और कॉम्बिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस और एसएसबी ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर निगरानी और अधिक कड़ी कर दी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि नेपाल में उपजे विवाद को देखते हुए जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है और जिला प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है।

**निर्माण कार्य प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकारी निर्माण कार्यों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने तर्क दिया कि अगर किसी परियोजना से कोई दुष्परिणाम सामने आते हैं, तो सबसे पहले प्रभावित वही स्थानीय लोग होते हैं। इसलिए जरूरी है कि उन्हें योजनाओं का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों और विकास परियोजनाओं में भी स्थानीय लोगों का सहयोग और सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि विकास कार्यों से क्षेत्रीय लोगों को रोजगार और लाभ मिले।

**नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति**

नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर अपने निर्वाचन को राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत बताया है। श्री राधाकृष्णन ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। जीत के बाद श्री राधाकृष्णन ने मीडिया को बताया कि विपक्षी गठबंधन ने कहा था कि यह चुनाव वैचारिक लड़ाई है, लेकिन मतदान के पैटर्न से हम समझते हैं कि राष्ट्रवादी विचारधारा विजयी हुई है। वहीं, विपक्ष के प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी ने चुनाव में हार के बाद कहा है कि वे विनम्रतापूर्वक परिणाम स्वीकार करते हैं। उन्होनें श्री राधाकृष्णन को नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दी। सी.पी राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री राधाकृष्णन ने आई.एन.डी.आई. गठबंधन के प्रत्याशी और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोटों से हराया। मतगणना के बाद राज्यसभा के महासचिव और रिटर्निंग ऑफिसर पी.सी मोदी ने यह जानकारी दी।

## चारधाम हेली सेवाएं

प्रदेश में चारधाम यात्रा का दूसरा चरण शुरु हो गया है। केदारनाथ, बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा सुचारू रूप से जारी है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने बताया कि गंगोत्री और यमुनोत्री मार्ग पर अभी भी सड़क संबंधी कुछ समस्याएं बनी हुई हैं। हालांकि छोटे वाहनों की आवाजाही हो रही हैं, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन मार्गों पर मरम्मत कार्य जारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 15 सितंबर तक सभी मार्ग पूरी तरह बहाल हो जाएंगे और उसी दिन से हेली सेवाएं भी शुरू कर दी जाएंगी।

## गोविंद बल्लभ पंत जयंती

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहते हुए पंडित गोविंद बल्लभ पंत की आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके विचार हमें सदैव जनसेवा और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पंत जी ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई तथा देश को नई दिशा प्रदान की। उनके आदर्श, त्याग और योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं और इन्हें आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने शहीद स्मारक पार्क में पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके साहित्यिक, सामाजिक और स्वतंत्रता आन्दोलन में दिए गए योगदान को याद किया।

## अवैध प्लॉटिंग देहरादून

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए की ओर से अवैध प्लॉटिंग और नियम विरुद्ध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। प्राधिकरण क्षेत्र के आंतर्गत डोईवाला, रानीपोखरी, माजरी ग्रांट और अन्य स्थानों पर हुई अवैध प्लॉटिंग और निर्माण को ध्वस्त और सील किया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग और निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रदेश में अवैध प्लॉटिंग और निर्माण कार्यों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी तरह का अवैध निर्माण व अवैध प्लॉटिंग नहीं होने दी जाएगी और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## चिकित्सक नियुक्त

तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हरिद्वार जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए नौ नए चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। इन चिकित्सकों को जिला अस्पताल, मेला अस्पताल, उप जिला अस्पतालों और प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनाती दी गयी है। पिछले लम्बे समय से जिला अस्पताल सहित कई स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों के पद रिक्त चल रहे थे। अब इन पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति से लोगों को उपचार की सुविधा मिलेगी।